6

Title: Speedy approval for construction of Jarasangh Memorial in Raggir.

श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा): सभापति महोदय, आपने शून्य प्रहर में मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपको बहुत-बहुत धन्यवाद। मेरे संसदीय क्षेत्र के अंदर राजगीर में कुश्ती का इतिहास बहुत पुराना है। द्वापर काल से इसका इतिहास रहा है। मगध सम्राट इसी जरासंध अखाड़े में खुद दांव आजमाते थे। द्वापर काल में महाभारत शुरू होने से पहले जरासंध और कुंती पुत्र भीम के बीच 28 दिनों तक मल्लयुद्ध चला था। इसकी चर्चा धर्म ग्रन्थों में भी है। अखाड़े की कहानी काफी रोचक है। आज भी देश और दुनिया से लोग आते हैं, उस अखाड़े में जाते हैं और मिट्टी लगाते हैं।

सभापति महोदय, जरासंध अखाड़े के निकट जरासंध स्मारक बनाने का प्रस्ताव राज्य सरकार ने भारत सरकार को भेजा है। मेरा माननीय संस्कृति मंत्री जी से निवेदन है कि इसकी स्वीकृति शीघ्र दिलवाने की कृपा करेंगे।

बहुत-बहुत धन्यवाद।